हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 22 सितंबर 2026

06 कार्यकर्ताओं ने नपं कार्यालय में तालाबंदी की कोशिश...



07 सवर्णों ने यूजीसी को बताया काला कानून, निकाली विशाल विरोध रैली



खबर संक्षेप

आज निकलेगा सबसे बड़ा डोल, नगर भ्रमण करेंगे भगवान नृसिंह

सीहोर। शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में डोल ग्यारस का पावन पर्व मंगलवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस अवसर पर भगवान श्री नृसिंह का भव्य डोल निकाला जाएगा। मंदिर परिवार और क्षेत्रवासियों की ओर से निकाला जाने वाला यह डोल शहर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल है। दोपहर 12 बजे भगवान श्री नृसिंह आकर्षक श्रृंगार के साथ डोल में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। करीब 10 घंटे तक चलने वाले इस नगर भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। डोल ग्यारस को लेकर मंदिर परिसर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भगवान के नगर भ्रमण के दौरान भजन मंडलियां साथ चलेंगी और लगातार भजनों के माध्यम से भगवान श्री नृसिंह की महिमा का गुणगान करेंगी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा डोल का स्वागत किया जाएगा। शाम से लेकर देर रात तक शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहेगा।

योजनावार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की

सीहोर। जिला कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विकासखण्डवार तथा योजनावार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने, मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का नियमित एवं गंभीरता से परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और उनका समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को केवल कागजी उपलब्धि तक सीमित न रहे। योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों में नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेने तथा कमियों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

करोड़ों की पार्वती परियोजना का विस्थापन और वैकल्पिक रास्ता अब भी अधूरा

डैम का पानी रोका तो जलमग्न हुआ रास्ता
100 साल पुराने मंदिर में नहीं हो सकी पूजा

बिना पूर्व सूचना पानी भरने से किसान भी परेशान, कई खेतों का रास्ता हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा पार्वती (रेसई) परियोजना के डैम में पानी रोके जाने से सीहोर जिले के सीमावर्ती गांवों में हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गई है। रविवार को पार्वती बांध के सभी गेट बंद कर दिए जाने से क्षेत्र में भारी जलभराव हो गया है। इसका सीधा असर जनआस्था और किसानों की आजीविका पर पड़ा है। चांदबड़ जागीर ग्वालगढ़ स्थित लगभग 100 साल पुराने ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का पहुंच मार्ग पूरी तरह जलमग्न गया, जिससे सोमवार से मंदिर में पूजा-पाठ और आरती पूरी तरह बंद हो गई है।

बता दें इस गंभीर स्थिति को लेकर समाचार पत्र हरिभूमि ने बीते 3 जून के अंक में 'पार्वती रेसई परियोजना... नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग की तैयारी से सीहोर के किसानों की बढ़ी चिंता, डूबेंगे कई रास्ते और मंदिर' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रशासन को पहले ही आगाह किया था। दुर्भाग्यवश जिम्मेदार अधिकारियों ने चेतावनी को अनदेखा किया और बिना पुख्ता इंतजामों के पानी रोक दिया, जिससे 'हरिभूमि' की आशंका सच साबित हुई।

डूब में आया 100 साल पुराना मंदिर

चांदबड़ जागीर ग्वालगढ़ का हनुमान मंदिर करीब एक शताब्दी पुराना है और आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। गांव के हरिप्रसाद मैहर, प्रभूलाल अहिरवार, अर्जुन राजपूत और गोपाल सेन ने व्यथित होकर बताया कि रविवार को जैसे ही डैम के गेट बंद किए गए, पानी का स्तर तेजी से बढ़ा और मंदिर जाने का रास्ता पूरी तरह डूब गया। सोमवार को मंदिर में नियमित आरती और पूजा-अर्चना नहीं हो सकी।

आस्था को ठेस, बंद रहेगी पूजा-पाठ

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पानी भरा रहेगा, तब तक मंदिर तक पहुंचना असंभव है और पूजा-पाठ ठप रहेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 100 साल पुराने इस मंदिर के विस्थापन और निर्माण के लिए शासन की ओर से मिलने वाली मुआवजा राशि अब तक जारी नहीं की गई है। हालांकि गांव वाले नया मंदिर बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन राशि के अभाव में निर्माण कार्य रुका हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जाए ताकि मंदिर का रास्ता साफ हो सके।

जानकारी के अभाव में बो दी फसल

जलभराव के कारण केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि किसानों के खेतों तक पहुंचने के रास्ते भी पूरी तरह बंद हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने किसानों को मुआवजा तो बांट दिया, लेकिन जलभराव की समयसीमा का कोई पूर्व नोटिस जारी नहीं किया। सूचना के अभाव में किसानों ने अपने खेतों में रबी की पुसलें बो दीं। अब अचानक पानी भरने से खेतों के रास्ते बंद हो गए हैं और पानी फैलने से खड़ी फसलें डूबकर बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पूर्व में दावा किया था कि नदी के दायरे में केवल 6 मीटर तक पानी भरा जाएगा जिससे कोई रास्ता बंद नहीं होगा। हालांकि जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत है। महज 5-6 मीटर पानी रोकने से ही चांदबड़ जागीर, महुआखेड़ा, मगरदीखुर्द, रावतखेड़ा, मानपुरा, आछारोही, मरेठी, भैरुपुरा और चरनाल के कई किसानों के खेतों का आवागमन पूरी तरह ठप हो चुका है।

क्या है पार्वती परियोजना

बता दें 1815.54 करोड़ रुपये की लागत वाली पार्वती रेसई परियोजना का निर्माण वर्ष 2022 में ही पूर्ण हो चुका था। इसका मुख्य उद्देश्य सीहोर, राजगढ़ और भोपाल जिले की 48000 हेक्टेयर कृषि भूमि को पाइप सिंचाई प्रणाली से पानी पहुंचाना है। इस परियोजना के जल ग्रहण क्षेत्र 3150 वर्ग किमी में सीहोर जिले की 901.53 हेक्टेयर निजी भूमि सहित कुल 3041.36 हेक्टेयर भूमि डूब में आ रही है।

मंडी में नई सोयाबीन का श्रीगणेश, 6511 रुपए क्विंटल बिकी पहली ढेरी

शुभ मुहूर्त में हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खरीफ की नई फसल आते ही सीहोर की कृषि उपज मंडी में एक बार फिर से अच्छी-खासी रौनक लौट आई है। सोमवार को मंडी प्रांगण में पूजा-पाठ और शुभ मुहूर्त के साथ नई सोयाबीन की नीलामी की औपचारिक शुरुआत हुई। सीजन की पहली ढेरी आते ही व्यापारियों में माल खरीदने की जबर्दस्त होड़ देखने को मिली। खुली बोली के दौरान नई पीली सोयाबीन का भाव 6511 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। नई फसल का मनमाफिक दाम मिलते ही मंडी पहुंचे किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

6511 के भाव में हुआ पहला सौदा

मंडी प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक सीहोर तहसील के गांव संग्रामपुर के रहने वाले किसान अनिल पंजीयन नंबर 10317282016 अपनी गाड़ी से करीब 8 क्विंटल नई पीली सोयाबीन बेचने के लिए सीहोर मंडी पहुंचे थे। मंडी परिसर में प्रवेश पर्ची नंबर 10321092612 कटने के बाद जब शुभ मुहूर्त में बोली लगाना शुरू हुआ तो व्यापारियों ने एक से बढक़र एक भाव बोले। बोली प्रक्रिया के दौरान सबसे ऊंची दर 6511 रुपये प्रति क्विंटल की लगी। इसके बाद सीजन का यह पहला सौदा अनुबंध पत्रक नंबर 103210926.12 खरीदार फर्म वैष्णवी एंटरप्राइजेज के नाम पक्का हुआ। फर्म के प्रतिनिधि योगेश राठौर ने यह सोयाबीन खरीदी, जबकि पूरी नीलामी प्रक्रिया मंडी कर्मचारी नरेंद्र सिंह ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुई। बता दें सीहोर की कृषि उपज मंडी सिर्फ स्थानीय किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों के किसानों के लिए भी फसल बेचने का सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद केंद्र बनी हुई है। सीहोर जिले के अलावा पड़ोसी जिले राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, रायसेन और भोपाल तक के किसान अपनी फसल बेचने के लिए सीहोर मंडी का ही रुख करते हैं। मंडी के व्यापारियों और किसान नेताओं का कहना है कि जैसे-जैसे खेतों में कटाई का काम जोर पकड़ेगा, मंडी में नई सोयाबीन की आवक भी तेजी से बढ़ेगी।

मंडी प्रशासन का दावा व्यवस्थाएं पूरी

नई आवक की शुरुआत होते ही मंडी समिति ने परिसर में किसानों की सहूलियत के लिए सभी जरूरी तैयारियां दुरुस्त कर ली हैं। मण्डी प्रशासन का दावा है कि मंडी में पीने के पानी, छायादार शेड, नीलामी स्थल और गाडिय़ां खड़ी करने की सुचारू व्यवस्था की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि इस बार फसल की क्वालिटी अच्छी रहने से मंडी में खरीद-बिक्री का नया रिकॉर्ड बनेगा।

वार्ड 25 में नाली निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 25 में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया। वार्ड 25 में लगभग 45 लाख रुपए की लागत से विभिन्न नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। भूमिपूजन के अंतर्गत मंडी माता मंदिर से पोस्ट ऑफिस होते हुए नाले तक नाली निर्माण एवं जनता कॉलोनी की आंतरिक नालियों का निर्माण कार्य किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 32 लाख रुपए है। इसके साथ ही शिव आराध्या कॉलोनी में अशोक ठाकुर के घर से सुरेश कुशवाहा के घर होते हुए जैन किराना तक नाली निर्माण कार्य भी कराया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 12.50 लाख रुपए है। इन क्षेत्रों में नाली निर्माण की मांग लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही थी। बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या के साथ-साथ गंदे पानी के जमा होने से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी। भूमिपूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। वार्ड क्रमांक 25 के नागरिक लंबे समय से नाली निर्माण की मांग कर रहे थे, जिसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर अब धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास केवल बड़े प्रोजेक्टों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी मोहल्ले में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नगर पालिका नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीहोर शहर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ नगर पालिका को जिम्मेदारी दी है, उस विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। वार्डों में नागरिकों की आवश्यकता के अनुसार कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और जहां भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 25 के नागरिकों ने नाली निर्माण कार्य स्वीकृत होने पर नगर पालिका परिषद एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने कहा कि लंबे समय से नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद मुकेश मेवाड़ा, विशाल राठौर कमलेश राठौर दिलीप राठौड़, सहित वार्ड क्रमांक 25 के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

कुबेरेश्वर धाम के बाहर मचा हड़कंप, बेकाबू वाहन ने दुकानें रौंदी, कई घायल, चालक लापता

गेट नंबर-3 के सामने स्थित बाजार में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कुबेरेश्वर धाम के बाहर सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बेकाबू वाहन सड़क किनारे लगी दुकानों को रौंदता हुआ जा घुसा। हादसा धाम के गेट नंबर-3 के सामने स्थित बाजार में हुआ। अचानक हुए इस घटनाक्रम से दुकानदारों और श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में चार से पांच लोग घायल हुए हैं।

दुकानों में घुसा धाम का कचरा वाहन

बताया जा रहा है कि हादसे में शामिल वाहन कुबेरेश्वर धाम परिसर में नारियल सहित अन्य कचरा एकत्र करने के काम में इस्तेमाल होता है। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार वाहन अचानक अनियंत्रित हुआ और देखते ही देखते बाजार की ओर बढ़ते हुए दुकानों में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खेल-खिलौने, प्रसाद, पूजन सामग्री और खाने-पीने की दुकानों में रखा सामान बिखर गया।

दुकानदार और ग्राहक चपेट में आए

हादसे के दौरान बाजार में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई थी। वाहन की चपेट में दुकानदार और ग्राहक आए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और कुछ समय के लिए बाजार में तनावपूर्ण अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घायल अस्पताल भर्ती

मंडी थाना टीआई अर्चना सिंह ने बताया कि कुबेरेश्वर धाम के बाहर एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को मिली थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में चार से पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मानसरोवर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है और हादसे की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

घायल को गंभीर फ्रैक्चर की जानकारी

पुलिस के अनुसार घायलों में एक व्यक्ति को अधिक गंभीर चोट और फ्रैक्चर होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि घायलों की चोटों की वास्तविक स्थिति चिकित्सकीय परीक्षण और अस्पताल की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस हादसे में घायल सभी लोगों की स्थिति और घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे के बाद वाहन चालक के मौके से फरार होने की बात सामने आई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि हादसे में शामिल वाहन कुबेरेश्वर धाम का है और इसका उपयोग पूजन सामग्री/कचरा एकत्र करने के लिए किया जाता है। उन्होंने प्रारंभिक तौर पर चालक की लापरवाही की बात कही और बताया कि हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक को अधिक फ्रैक्चर आया है। चालक की तलाश और घटना की जांच की जा रही है।

ब्रेक फेल होने की चर्चा

हादसे के तत्काल बाद मौके पर मौजूद लोगों के बीच वाहन के ब्रेक फेल होने की चर्चा भी सामने आई। हालांकि ब्रेक फेल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस वाहन की तकनीकी स्थिति, चालक की भूमिका और हादसे से पहले की परिस्थितियों की जांच करेगी। इसके बाद ही दुर्घटना के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

जिम्मेदारी पर उठेंगे सवाल

हादसे में दुकानों और उनमें रखे सामान को नुकसान पहुंचने की जानकारी है। स्थानीय स्तर पर दुकानदारों को लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है, हालांकि नुकसान का वास्तविक आकलन अभी सामने नहीं आया है। घटना के बाद धाम के बाहर सुरक्षा और वाहनों की आवाजाही को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं।

जांच के बाद सामने आएगी तस्वीर

फिलहाल पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ घटना की जांच शुरू कर दी है। वाहन की स्थिति, चालक की पहचान, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और दुकानों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद हादसे की जिम्मेदारी और आगे की कानूनी कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

ऑक्सफोर्ड स्कूल में विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत "मेरे सपनों का भारत" विषय पर आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन क़मर अहमद सिद्दीकी, अध्यक्ष, रोटरी क्लब सीहोर तथा विशिष्ट अतिथि रोटेरियन रघुनंदन निगोदिया, सचिव, रोटरी क्लब सीहोर उपस्थित रहे।

अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि रोटरी क्लब का ध्येय वाक्य है स्वयं से पहले सेवा। हमे भी अपने से पहले सेवा कार्य को प्राथमिकता देना चाहिए। तत्पश्चात शिक्षिका चेतना सक्सैना एवं द्वारा सेवा संकल्प अभियान के बारे में बताते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा "मेरे सपनों का भारत" विषय पर बनाई गई चित्रकला की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को चित्रों में प्रस्तुत किया। अपक्षा मेवाड़ा ने इसी विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना की तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि क़मर अहमद सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि रोटेरियन रघुनंदन निगोडिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथिगण विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चेतना सक्सैना एवं आभार प्रदर्शन छात्रा शालिनी तिवारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सेवा भावना एवं विकसित भारत के प्रति संकल्प की भावना को मजबूत किया।

खबर संक्षेप

महापर्व में भगवान महावीर की आराधना



भैरूंदा। गणेश उत्सव के साथ ही नगर में जैन समाज का पर्युषण महापर्व भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। दिगंबर जैन समाज के धर्मावलंबी दस दिवसीय इस महापर्व के दौरान प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर भगवान महावीर की आराधना और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में सुबह से ही धार्मिक वातावरण बना हुआ है। समाजजन पूजा, विधान, तप और संयम के माध्यम से आत्मशुद्धि का मार्ग अपना रहे हैं। दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार दसलक्षण पर्व आत्मा को विकारों से दूर कर धर्म और संयम की ओर ले जाने वाला पर्व माना जाता है। पर्व के दौरान अहंकार, कषाय और अभिमान का त्याग कर जीवन में क्षमा, सरलता और मधुरता को अपनाने का संदेश दिया जाता है। पर्व के माध्यम से सभी से क्षमा मांगने और दूसरों को क्षमा करने की भावना को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी जाती है।दस दिनों में दस धर्मों का पालन-तप और संयम से आत्मकल्याण का मार्गदसलक्षण महापर्व के दस दिनों में प्रत्येक दिन एक विशेष धर्म का पालन किया जाता है। दिगंबर जैन परंपरा में इन्हें उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य के रूप में माना गया है। दस दिवसीय पर्व का समापन उत्तम क्षमा के साथ होगा। आयोजित हुए कार्यक्रम के अवसर पर समाजजन परस्पर क्षमा मांगते हुए मन, वचन और कर्म से किसी को ठेस पहुंची हो तो उसके लिए क्षमा याचना करेंगे। पर्व के दौरान नगर का जैन समाज भक्ति, तप, संयम और आत्मचिंतन के वातावरण में धार्मिक आराधना में जुटा हुआ है।

नपं में भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

कार्यकर्ताओं ने नपं कार्यालय में तालाबंदी की कोशिश की, पुलिस से हुई झड़प

तालाबंदी की कोशिश में कांग्रेसी और पुलिस के बीच बेरिकेडिंग को लेकर खींचतान चलती रही और झड़प भी हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और नपं के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में तालाबंदी का भी प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बल की तैनाती के कारण कार्यकर्ता कार्यालय में ताला डालने में सफल नहीं हो सकें। तालाबंदी की कोशिश में कांग्रेसी और पुलिस के बीच काफी देर तक बेरिकेडिंग को लेकर खींचतान चलती रही और झड़प भी हुई।

दरअसल कांग्रेसियों द्वारा नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं सहित कई अन्य आरोप लगाए जा रहे हैं। मामलों को लेकर नायब तहसीलदार एवं नपं सीएमओ को ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने एवं गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई मांग की गई। सोमवार को पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और ब्लांक अध्यक्ष बलवान पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नपं कार्यालय के एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि नगर परिषद में पिछले लंबे समय से जमकर भ्रष्टाचार और गड़बड़ियां की जा रही है , जिससे आमजन काफी परेशान हैं। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं का समुचित लाभ न देकर अपने चहेते और भाजपा पार्षदों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाया जा रहा है। पूर्व विधायक पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व मंत्री के ग्रह क्षेत्र में राजस्व की भूमि जो पानी की टंकी के सामने स्थित है उस पर नपं ने अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर दिया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस दौरान राजस्व अमला आंखें मूंदकर बैठा रहा। उन्होंने कहा कि करीब 20-22 वर्षों पहले बस स्टैंड पर गरीब, अजा और अजजा के बेरोजगार युवाओं के लिए राजीव गांधी स्वालंबन योजना के तहत बनाई गई दुकानों को आज तक हितग्राहियों को आवंटित नहीं कराई गई है। इन दुकानों पर भाजपा पार्षदों को अनुचित तरीके से कब्जा कर रखा है। ब्रिजेश पटेल , बलवान पटेल ने भी नपं पर जमकर निशाना साधा। प्रदर्शनकारियों ने नपं के मुख्य गेट पर ताला डालने की कोशिश की । इस दौरान पुलिस के साथ तीखी बहस और नोंक-झोंक भी हुई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्दी ही भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई और मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान



पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, ब्रजेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष बलवान पटेल, एनयूएसआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया, पार्षद जुनेद खान, पूर्व नप अध्यक्ष कृपाल वर्मा, राधेश्याम सेमलिया, सादिक खान, जगदीश परमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकरता मौजूद थे।

रुणीचा धाम में बाबा रामदेव जी दशमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हजारों श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर के रुणीचा धाम में कई दशकों से चली आ रही बाबा रामदेव जी दशमी की परंपरा के तहत सोमवार को धार्मिक आयोजन हुआ। नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों के साथ ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रुणीचा धाम पहुंचे। सुबह करीब 9 बजे रुणीचा धाम मंदिर प्रांगण मुकातीपुरा से बाबा रामदेव जी की निशान यात्रा एवं चल समारोह प्रारंभ हुआ।

यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जुम्मा चौक, मुख्य पांच चौराहा, पिंजार पुरा, , खेड़ीपुरा, बाल विहार, पुराना बस स्टैंड एवं वर्मा चौक क्षेत्र से होकर पुनः रुणीचा धाम पहुंची। चल समारोह के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह निशान यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर तिलक लगाया और पुष्पमालाएं अर्पित कीं। मंदिर पहुंचने के बाद विशेष आरती हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। नसरुल्लागंज से पहुंचे श्रद्धालु कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि वे कई वर्षों से रुणीचा धाम आ रहे हैं और बाबा रामदेव जी के दर्शन कर धर्मलाभ ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष दशमी के आयोजन में शामिल होने की उनकी आस्था बनी हुई है। वहीं नर्मदापुरम से पहुंचे शैलेंद्र सारथी ने बताया कि वे भी वर्षों से रुणीचा धाम से जुड़े हुए हैं और बाबा रामदेव जी के प्रति उनकी गहरी आस्था है। दशमी के अवसर पर यहां आकर उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति होती है। रुणीचा धाम लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां आने वाले कई श्रद्धालु विभिन्न परेशानियों और बीमारियों में लाभ मिलने की बात भी बताते हैं।

हालांकि ये श्रद्धालुओं की व्यक्तिगत मान्यताएं और अनुभव हैं। रुणीचा धाम के धार्मिक एवं आध्यात्मिक संरक्षण का कार्य आचार्य पंडित श्री आनंद मोहन शुक्ला द्वारा वर्षों से किया जा रहा है। दशमी के आयोजन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल बना रहा।

आदित्य राठी बने बजरंग दल के नगर अध्यक्ष



इछावर। पिछले दिनों विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर इछावर अध्यक्ष का चयन किया गया। इस दौरान नगर के युवा, कर्मठ आदित्य राठी को सर्वसम्मति से विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री राठी की नियुक्ति से संगठन के लोगों में हर्ष का माहौल है। इनकी नियुक्ति पर प्रमुख रूप से आशीष मुकाती, ललित वर्मा, नितिन गुप्ता, अनुज राठी, कपिल शर्मा, नरेंद्र सिंह ठाकुर, चित्रांश राठी, सोनू वर्मा, कमल सिंह खींची, बंटी चौहान, नमन परमार, राजेंद्र वर्मा, धनराज यादव, आनंद मोहन शुक्ला, मंजीत चौहान,नीरज गुप्ता, गौरव माहेश्वरी आदि लोगों ने बधाई दी।

मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक -1, सीहोर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सुनीता जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सेवा भाव एवं राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना है। मेरे सपनों का भारत वही होगा जहाँ, हर हाथ को काम और हर चेहरे पर मुस्कान होगी। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना को कैनवास पर उतारते हुए विकसित भारत, स्वच्छ भारत, डिजिटल भारत, हरित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार किया।

चित्रकला व भाषण शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार साहू, रुचि लोवानिया, मोनिका पाराशर, रश्मि चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के लिए चित्रकला और भाषण के लिए तीन तीन विद्यार्थियों का चयन विद्यालय स्तर पर किया गया। प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सुगंध दशमी पर जैन मंदिर में हुए धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पर्यूषण महापर्व के पावन पर्व दस लक्षण धर्म के छठवें उत्तम संयम धर्म विधान मंडल विधान पूजा अर्चना की गई। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे प्रातः तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा के अभिषेक, शांतिधारा नित्य नियम पूजन, उत्तम संयम धर्म मंडल विधान, सुगंध दशमी पूजा अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान पंडित अभिषेक शास्त्री के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने का सौभाग्य प्रथम शांति धारा बदामी लाल जितेंद्र कुमार, निश्चल, महावीर, आनंद लिलेहरिया परिवार, विधानकर्ता व द्वितीय शांति धारा प्रकाश कुमार ,विजय कुमार, संजय कुमार, दीबड़िया वाले परिवार ने प्राप्त किया। वही अन्य धार्मिक विधी करने का सौभाग्य नितीन कुमार गणेश प्रसाद नगर वाले परिवार रौनक मनोज कुमार, धन कुमार यश कुमार अभिषेक कासलीवाल परिवार पंकज प्रगति, ईशान धर्मेंद्र, सुनील कुमार विमल कुमार जैन, अमित कुमार राजेश कुमार जैन लिलेहरिया परिवार, संजय, किशोर, शीतल कुमार, बदामी लाल, प्रेमबाई, आशा , निर्मल कुमार, रेखा मंडी कमेटी, प्रेमलता प्रेमचंद, दर्श, पार्थ, तासु , प्रासू, जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। सुगंध दशमी केंद्र पावन पर दोपहर मे श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा मे तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन, सुगंध दशमी पर विशेष पूजा अर्चना पंडित अभिषेक शास्त्री के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। अभिषेक, शांति धारा ,का सौभाग्य राजेश कुमार नेमीचंद, नमिता नेमीचंद जैन, भजनलाल अनुज, लोंग माला पहनने का का सौभाग्य प्राशु ,अजय कुमार, अंशुल ,जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज कहते थे तुम मन के अनुसार मत चलो बल्कि मन को अपने अनुसार चलाओं, जिस प्रकार तटों से रहित नदी अपना सयंम खोकर अपने और दूसरों के लिए विनाशकारी होती है वैसे ही मर्यादा अथवा संयम से रहित जीवन स्वपर दोनों के लिए घातक होता है। तत्पश्चात श्री विद्यासागर पाठशाला के बालक बालिकाओ ने सांस्कृतिक धार्मिक नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया।

कल्याणकारी ज्योतिष सूत्रों का महामंथन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मां नैनादेवी की गोद और उत्तराखण्ड की देवभूमि, नीम करोली बाबा की तपस्थली में जया एकादशी, बछ बारस एवं शिव चतुर्दशी के पावन अवसर पर ज्योतिष के कल्याणकारी सूत्रों पर विशेष महामंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कालपुरुष की कुण्डली में सुख भाव में निर्मित गजकेसरी योग तथा ज्योतिषीय विषयों पर तीन दिवसीय यह विशेष आयोजन 7, 8 और 9 सितम्बर को गोल्ज्यू देवता से रक्षित एक्सेल रिसोर्ट में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मेरठ विश्वविद्यालय के कुलपति, फ्यूचर पॉइण्ट के संपादक एवं कुण्डली सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले डॉ. अरुण बंशल का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान ज्योतिष के विभिन्न पहलुओं, कल्याणकारी ज्योतिष सूत्रों तथा उनके व्यावहारिक महत्व पर विचार-विमर्श किया गया। आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर विक्रम सिसोदिया, रमेश झवर, रामभवन तिवारी, मोहम्मद आजम, सतीश सोनी, गोपाल सोनी, हरि सोनी, राजपूत सा., पंकज सोनी, पप्पू सोनी, शरद चौरसिया, प्रहलाद सिंह, अनिल सोनी, मयंक सोनी, दुर्गेश वर्मा सहित एम.पी.ई.बी. परिवार, सोनी परिवार एवं अन्य मित्रगणों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

रूणीचारानाथ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

चूरमे-मिश्री का लगा विशेष भोग, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



बाबा रामदेव की दशमी के अवसर पर सोमवार को भैरूंदा और वासुदेव में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रूणीचारानाथ बाबा रामदेव के जयकारों से मंदिर परिसर और मार्ग गूंज उठे। वासुदेव स्थित बाबा रामानंद धाम सहित नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर चरण वंदना की और निशान चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं के साथ आराधना की। बाबा को चूरमे और मिश्री का विशेष भोग लगाया गया। बाबा रामदेव की दशमी के अवसर पर क्षेत्र के कई परिवारों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने दशमी का व्रत रखकर बाबा की आराधना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजस्थान स्थित बाबा रामदेव के परमधाम रूणिचा पहुंचते हैं, वासुदेव स्थित बाबा रामानंद धाम में स्थापित बाबा रामदेव की चरण पादुकाओं के दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा कर पहुंचे।

भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

वासुदेव स्थित बाबा रामानंद धाम में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत रविवार रात जम्मा जागरण का आयोजन किया गया। पूरी रात भजन मंडलों द्वारा बाबा रामदेव की महिमा से जुड़े धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्त देर रात तक भजनों में शामिल होकर बाबा की आराधना करते रहे। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे बाबा की भव्य महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने के लिए बेरीकेट्स लगाए गए। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई, जिससे दर्शन के दौरान भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

33 वर्ष पूर्व हुई थी प्रतिमा की स्थापना

वासुदेव स्थित बाबा रामानंद धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां करीब 34 वर्ष पूर्व बाबा रामदेव की चरण पादुकाओं की स्थापना की गई थी। इसके बाद पादुकाओं के पीछे बाबा रामदेव का भव्य मंदिर बनाकर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। आज भी यहां बाबा की चरण पादुकाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र हैं। बाबा रामदेव की प्रतिमा वासुदेव के अलावा नसरूल्लागंज स्थित बजरंग कुटी में भी विराजमान है। यही कारण है कि बाबा की दूज और दशमी के अवसर पर दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

पदयात्रा कर पहुंचे श्रद्धालु

दशमी के अवसर पर श्रद्धालुओं में बाबा के प्रति विशेष आस्था देखने को मिली। कोई वाहन से तो कोई पैदल यात्रा करते हुए बाबा के दरबार तक पहुंचा। नगर से सुबह से ही सैकड़ों श्रद्धालुओं की टोलियां पदयात्रा करते हुए वासुदेव के लिए रवाना हुईं। पदयात्रियों के मुख से 'खम्मा-खम्मा खमर ओ अजमालरा' के जयकारे गूंजते रहे। वासुदेव पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन किए और निशान चढ़ाया। कई श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ पहुंचकर पूजा-अर्चना की और बाबा के समक्ष अपनी श्रद्धा अर्पित की।

मंदिर में यज्ञ-हवन और महाआरती

बाबा रामदेव की दशमी पर स्थानीय खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में भी प्रतिवर्ष की तरह यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति दी और बाबा रामदेव को निशान चढ़ाया। हवन-पूजन के बाद भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। खेड़ापति परिसर में वर्ष 1992 में स्वर्गीय बदामी लाल राठौर के सुपुत्र अशोक, मुकेश एवं चमन राठौर द्वारा बाबा रामदेव की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का निर्माण कराया गया था। इसके बाद से ही राठौर परिवार द्वारा प्रतिवर्ष बाबा रामदेव की दशमी के अवसर पर धार्मिक आयोजन कराया जाता है। वहीं बजरंग कुटी के निवासियों द्वारा भी बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना कर निशान चढ़ाया गया। महाआरती के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। पूरे दिन नगर और आसपास के क्षेत्र में बाबा रामदेव के जयकारों के साथ श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

डोल ग्यारस आज, महिलाएं भरेंगी मां यशोदा की गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और आस्था से जुड़ा डोल ग्यारस का महापर्व आज नगर में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। परंपरा के अनुसार नगर के गांधी चौक में डोल ग्यारस का मुख्य आयोजन होगा। नगर के विभिन्न मंदिरों से एक दर्जन से अधिक डोल गांधी चौक पहुंचेंगे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद डोल नगर की सड़कों से निकलेंगे। इस दौरान पूरा नगर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजायमान होगा। डोल ग्यारस को लेकर नगर में सुबह से ही धार्मिक उत्साह का माहौल रहेगा। परंपरा के अनुसार महिलाएं मां यशोदा की गोद भरने की रस्म में शामिल होकर पूजा-अर्चना करेंगी। दोपहर 3 बजे के बाद गांधी चौक में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू होगा। विभिन्न मंदिरों से डोल के पहुंचने के बाद श्रद्धालु भगवान के दर्शन और पूजा कर धर्मलाभ लेंगे। डोल ग्यारस के अवसर पर नगर की गलियों और प्रमुख मार्गों से जब डोल निकलेंगे तो धार्मिक वातावरण देखते ही बनेगा। दिनभर चलने वाले धार्मिक आयोजन का समापन देर शाम करीब 8 बजे आरती के साथ होगा। आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में शामिल होंगे। मंदिरों में डोल को सजाने के साथ ही आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आज दोपहर बाद जैसे-जैसे डोल गांधी चौक पहुंचेंगे, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगेगी। आयोजन को लेकर श्याम परिवार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक एवं मनोहारी स्वरूप प्रदान किया जाएगा। पूरे मंदिर को हरे फूलों, पत्तियों एवं विभिन्न सजावटी संसाधनों से विशेष रूप से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन के दौरान श्याम बाबा की विशेष सजावट और पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर परिसर को हरित एवं प्राकृतिक स्वरूप में सजाने के साथ ही आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा भी की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

नगर के सोनी मोहल्ले की घटना

व्यापारी के घर से नोटों की थैली लेकर भागा बंदर

राजगढ़। नगर में इन दिनों बंदरों का आंतक छाया हुआ है। लाल मुंह वाले बंदरों द्वारा तो कुछ लोगों को चोटिल करने के मामले भी सामने आ चुके हैं। रविवार को हुई एक घटना में स्थानीय सोनी मोहल्ले निवासी व्यापारी वल्लभ गुप्ता उर्फ ठीकरिया के घर से एक बंदर नोटों से भरी हुई थैली लेकर भाग निकला। गुप्ता एक थोक विक्रेता हैं और शनिवार रात्रि अलग-अलग दुकानों से पेमेंट इकट्ठा कर पॉलीथीन की थैली को घर में रख दिया था। रविवार सुबह एक बंदर खिड़की से घर में दाखिल हुआ और रुपए से भरी थैली लेकर भाग निकला। श्री गुप्ता के अनुसार थैली में करीब 35-40 हजार रुपए थे। बाद में बंदर ने थैली को फाड़ा जिसके अनेकों नोट इधर-उधर बिखर गए जिन्हें घर के लोगों ने समेट लिया। हालांकि, 7-8 हजार रुपए नहीं मिल पाए। नगवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि उत्पाती बंदरों को पकड़कर अन्यत्र स्थानों पर छोड़ दिया जाए ताकि आम नागरिक को इस तरह के नुकसान से बच पाएं। बंदर घरों की छतों पर रखे खाद्य पदार्थों, दालों, पापड़ इत्यादि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्राम लीमाचौहान में कुएं में डूबने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम लीमाचौहान में रविवार दोपहर कुएं में एक 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूनम खाती (12), पिता दिलीप, निवासी किशनपुरा खेड़ी, वर्तमान में अपने मामा के यहां रह रही थी। रविवार दोपहर करीब 2 बजे वह गांव की टंकी के पीछे स्थित कुएं में नहाने गई थी। इसी दौरान वह अचानक कुएं में गिरकर डूब जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना लीमाचैहान पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिसकर्मियों ने बालिका को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद 112 वाहन की मदद से उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बालिका का मेडिकल परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

केंद्र की सद्धबुद्धि के लिए कार्यक्रम स्थल पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

सवर्णों ने यूजीसी को बताया काला कानून, निकाली विशाल विरोध रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

रैली उपरान्त प्रधानमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग एवं सामान्य वर्ग के लिए बने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर जिले के स्वर्ण समाज द्वारा मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया गया। स्थानीय मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए जहां विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान संशोधित यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग और केंद्र सरकार को सद्धबुद्धि देने उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। करीब 2 घंटे तक चले कार्यक्रम उपरान्त लोगों द्वारा नगर में एक विशाल आक्रोष रैली निकाली गई। यह रैली नाका नंबर-3, मेन मार्केट, पारायण चैक, गणेश चैक, तुल्ली चौक, किला क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए कलेक्टेट परिसर पहुंची। यहां सभी ने प्रधानमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

नरसिंहगढ़ क्षेत्र के स्वर्णों की रही अधिकता

कार्यक्रम में वैसे पूरे जिले के सामान्य व स्वर्णवर्ग के लोगों उपस्थित रहे लेकिन नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लोगों की अधिकता देखी गई। समाज के पदाधिकारियों ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विषयसंगत अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

रैली का स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत, अभिनंदन

इस आक्रोष रैली का नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक व अन्य संस्थाओं, समितियों द्वारा कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया गया। गणेश चैक पर मेड़तवाल महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा रैली में शामिल जनों पर पुष्पवर्षा की गई।

ज्ञापन में यह रखी गई प्रमुख मांगे

ज्ञापन में प्रमुखता से मांग रखी गई कि आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया जाए एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण की समीक्षा की जाए। सामान्य वर्ग विरोधी कानून को काला कानून बनाते हुए यूजीसी को वापस लेने की पुरजोर मांग रखी गई। इसके साथ ही एसटी/एसटी एक्ट में संशोधन करने की मांग रखते हुए निष्पक्ष जांच से पहले काई कार्यवाही न करना एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को वे सभी सुविधाएं प्रदान करना जो अन्य विद्यार्थियों को प्रदान की जाती हैं। शिक्षा एवं रोजगार में भी सभी को समान दृष्टि से अवसर प्रदान करने की मांग का उल्लेख ज्ञापन में किया गया।

कमिश्नर हेल्थ 21 तक किए तलब

सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने की शिकायत आयुक्त को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कुछ माह पहले राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को लोकायुक्त भोपाल पुलिस ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। इस मामले में सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने हेतु सोच-समझाकर आदेश में त्रुटि करने के संबंध में शिकायत हुई है। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त पुलिस ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को कल 21 सितंबर को तलब किया है। लोकायुक्त ने कहा है कि तबादले से जुड़े आदेश, नोटशीट व तबादला आदेश से जुडे अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को भी कथन के लिए उपस्थित रहने कहा जाए।

उप-पुलिस अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सीएमएचओ डॉ. पटेल को 17 अप्रेल को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। लोकायुक्त को शिकायत मिली है कि स्वास्थ्य आयुक्त ने श्रीमती पटेल के स्थानांतरण आदेश में गल्तियां की जिसका लाभ उन्हें मिला और वे अपने तबादले पर कोर्ट से स्टे ले आईं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता में सेवा संकल्प अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदावता

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता मे सेवा संकल्प अभियान का कार्यक्रम भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक दिनदयाल शर्मा, भाजपा आईटी सेल के विजय सिंह आंजना, शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष पवन सिंह आंजना, उपाध्यक्ष उमेश पालीवाल के मुख्य आतिथ्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य वजेराम बामनिया ने की आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थित था।

झांकी पंडाल में करंट लगने से 17 वर्षीय बालक की मौत, तैयारी करने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार शाम गणेश उत्सव की तैयारियों के दौरान टॉकीज मोहल्ले में बड़ा हादसा हो गया। राजा गणेश झांकी पंडाल में विद्युत तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार टॉकीज मोहल्ला निवासी बलराज पिता राजेंद्र सिंह तोमर उर्फ गोपाल (17) रविवार शाम करीब 4.30 बजे झांकी पांडाल में शाम के कार्यक्रम की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान विद्युत तार लगाते समय उसे करंट लग गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी उसके चाचा भूपेंद्र तोमर को दी। परिजन व मोहल्लेवासी तत्काल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल भेजा गया।



पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

झांकी पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हादसे के बाद नगर में गणेश उत्सव के लिए लगाए गए झांकी पंडालों में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर में इस वर्ष करीब 30 से 40 स्थानों पर गणेश पंडाल लगाए गए हैं। इनमें कई समितियां पंडाल और झांकी पर लाखों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन विद्युत व्यवस्था में सुरक्षा मानकों का पालन कितना किया जा रहा है, यह हादसा इसका गंभीर उदाहरण है।बताया जाता है कि शांति समिति की बैठकों में विद्युत विभाग द्वारा गणेश उत्सव समितियों से नियमानुसार अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने की बात कही जाती है। इसके बावजूद कई समितियां अस्थाई कनेक्शन लेने के बजाय विद्युत लाइन या केबल से सीधे कनेक्शन लेती हैं। पंडालों के आसपास बेतरतीब ढंग से विद्युत तार और केबल फैले रहने से हादसे का खतरा बना रहता है।

करीब 7500 रुपए में मिलता है अस्थाई कनेक्शन

विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह ने बताया कि नियमानुसार झांकी समितियों को करीब 5 किलोवाट का अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना चाहिए। इसकी 10 दिन की अवधि के लिए लागत करीब 7500 रुपए के आसपास आती है। अस्थाई कनेक्शन लेने पर पंडाल में विद्युत व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से की जाती है और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बेहतर रहता है।

कर्मचारियों के अधिकारों और सेवा सुरक्षा को लेकर आज देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए आज 22 सितंबर 2026 को प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत मंदसौर में श्रम कार्यालय में दोप. 1.30 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष फकीरचन्द गुर्जर (मंदसौर) ने बताया कि ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था में लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के हितों और सेवा सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कर्मचारियों को बिना किसी कारण, बिना उचित नोटिस और बिना निर्धारित प्रक्रिया के नौकरी से हटाए जाने की व्यवस्था पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। सेवा समाप्ति से पहले कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए और उनके लिए एक ठोस दीर्घकालीन सेवा सुरक्षा नीति बनाई जानी चाहिए। इन्हीं सब मुद्दों और अधिकारों को लेकर आज 22 सितंबर को जिला श्रम कार्यालय में ज्ञापन प्रस्तुत कर शासन एवं संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि आउटसोर्स कर्मचारियों को श्रम कानूनों के अनुरूप न्यूनतम वेतन के बजाय बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की लागत को देखते हुए लिविंग वेज (जीवन-यापन योग्य वेतन) प्रदान किया जाए। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई सहित अन्य सभी वैधानिक सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित किया जाए और समय पर वेतन का भुगतान किया जाए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शाउमा विद्यालय झाड़मऊ में कार्यक्रम आयोजित



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाड़मऊ में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ष्मेरे सपनों का भारतष रहा, जिसमें कुल 52 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसमें किरण मधुरानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कुल 20 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें जगदीश मेघवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथि दिनेश राठौर, प्रहलाद सिंह, महेश गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान की आगामी गतिविधियों एवं अन्य ज्ञानवर्धक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। जहां पर बच्चों को बताया कि प्रतियोगिता किसी भी तरह कि हो उससे बच्चों को नया अनुभव तथा उसके विकास का रास्ता खुलता है, प्रतिभागी को ऐसे आयोजन में भाग लेकर हमेशा सर्वांगीण विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य जगदीश दांगी, संस्था शिक्षक अनीमा खेस्स, प्रणव खुजनेरी, कमल मंडलोई, संतोष रघुवंशी,सीमा शर्मा, प्रीति गुप्ता, बालचंद वर्मा, कृष्णा गौर, प्रदीप गौतम, मुकेश राठौर, रघुवीर भँवरसिंह चोंडावत, महेंद्र प्रताप, योगेश तिवारी, दिलीप वर्मा, मेहरवान सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

संस्कृति व संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें : टेटवाल

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर । स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिरमें आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। राजगढ़, सीहोर एवं गुना जिलों से करीब 250 भैया-बहनों ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने की। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने 'वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना जागृत करने वाला भाव है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और महान नायकों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं नई तकनीक के साथ आगे बढ़ते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से भी जुड़े रहना चाहिए। देश के प्रति कर्तव्य,



अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में अपनाकर विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला, ज्ञान एवं सांस्कृतिक अभिरुचि का प्रभावी प्रदर्शन किया। विभाग समन्वयक गुरु चरण गौड़, सचिव अशोक कुमार साहू, संयोजक शिवकुमार तिवारी, प्रतियोगिता प्रभारी शिवराज सिंह चैहान, ओमप्रकाश राठी, दिनेश चैहान, अनिल बरकिया, दिलीप परमार, राजेंद्र पटवा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. ध्रुव भल्ला, श्याम कारपेंटर, रामबाबू नारोलिया, हुकुम सोनी, रेनू वंशकार एवं कमल राठौर सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सुनील बंसल अध्यक्ष मनोनीत



माचलपुर। अग्रवाल युवा मंच की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में मंच की ओर से गत वर्ष की सालाना आवक-जावक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष पद के लिए सुनील बंसल का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित करते हुए उन्हें अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में अग्रवाल युवा मंच की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें संरक्षक आयुष माधावत, अध्यक्ष सुनील बंसल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल (पिपल्या कुलमी) एवं तुषार बंसल, सचिव चंदन खरेशवाला, सहसचिव विनय माधावत एवं तनिष्ठ माधावत को जिम्मेदारी सौंपी गई।वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विपिन गर्ग, कुलदीप अग्रवाल, अर्पित खरेशवाला, प्रदीप बंसल, प्रमोद गोयल एवं निखिल गोयल को शामिल किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर आयोजन को व्यवस्थित और भव्य रूप देने पर भी विचार-विमर्श किया।

देवनारायण जयंती पर गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज. नरसिंहगढ़। भगवान श्री देवनारायण जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को गुर्जर समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं सहित नागरिक शामिल हुए। दोपहर 12 बजे थावरिया स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ।शोभायात्रा पाल रोड, पांडव चैराहा, छारबाग चैराहा, छत्री चैराहा, चंपी और फूलबाग होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची, जहां विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में युवाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया। वहीं भगवान देवनारायण की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं और नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र रही।

जगह-जगह हुआ स्वागतः चल समारोह का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्रमुख चैराहों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे तथा बैनर-पोस्टर लगाए गए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की मौजूदगी रही।सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक एकता और समाज की एकजुटता पर जोर दिया। साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज की अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

सेवा संकल्प अभियान में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नरसिंहगढ़। संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ में सेवा संकल्प अभियानके तहत विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत जैसे अभिनव विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में अपने विकसित भारत के प्रति कल्पनाशीलता एवं उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष दिनेश नागर एवं प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना द्वारा सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया।भाषण प्रतियोगिता में -प्रथम स्थान नितेश सूर्यवंशी, द्वितीय स्थान रौनक वर्मा एवं तृतीय स्थान स्नेह नागर ने प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मयंक मेवाडे, द्वितीय स्थान दिव्या द्विवेदी एवं निर्मल वर्मा ने एवं तृतीय स्थान अंशीला कुशवाह एवं वंदना ने प्राप्त किया। सफल आयोजन में शिक्षक ध्रुवसिंह पंवार, षिक्षिका उषा शर्मा, विनीता शर्मा,नेहा सोलंकी, प्रीति सोनी, अंकिता तोमर एवं नर्मदा प्रसाद करनोदिया, प्रदीप चंद्रावत का सहयोग रहा।

नगर व जिले में गणेशोत्सव की धूम, श्रद्धालु कर रहे दर्शन

गणेशजी को राखी बांधती बहन की झांकी मोह रही मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर सहित पूरे जिले में 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न झांकी समितियों द्वारा विराजित गणेश प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यालय के पुराने मिर्ची बाजार में साईं ग्रुप द्वारा सजाई गई झांकी में भगवान गणेश को उनकी बहिन अशोक सुंदरी द्वारा राखी बांधने का अनुपम दृश्य निहारने रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही पारायण चैक परिसर, बड़ चैक, खिलचीपुर नाका, नाका नंबर-3, मंगल भवन सहित अन्य स्थानों पर रात्रि की आरती उपरान्त अलग-अलग तरह के प्रसादी वितरित की जा रही है। पारायण चैक परिसर में स्थापित झांकी समिति में शनिवार रात्रि भगवान गणेश को छप्पन भोग की प्रसादी अर्पित की गई। इसके साथ ही बड़ चैक की झांकी में इडली, सांभर का वृहद स्तर पर वितरण करवाया गया। खिलचीपुर नाके पर भी खीर की प्रसादी बांटी गई। अन्य झांकी समितियां भी इसी तरह अलग-अलग प्रसादी का वितरण करवा रही हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के लिहाज से सभी झांकी पांडालों में पुलिस जवानों की तैनाती करवाई गई है। टैफिक व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए यातायात पुलिस भी प्रमुख स्थानों पर तैनात करवाई जा रही हैं। न केवल राजगढ बल्कि जिले के अन्य शहरों, कस्बों, ग्रामीण अंचलों की झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

सिद्धनाथ जिला उपाध्यक्ष, करण मंडल अध्यक्ष बने



सारंगपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीन नियुक्तियां की गई हैं। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की अनुशंसा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय ने संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जारी नियुक्ति के तहत सिद्धनाथ वर्मा को राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष तथा करण गिरजे को नगर मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्तियों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान इष्ट मित्रों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

खबर संक्षेप

नागरिक सहकारी बैंक की आमसभा सम्पन्न

सीहोर। नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, सीहोर की 43वीं वार्षिक साधारण आमसभा स्थानीय पार्वती पैलेस, तहसील चौराहा में उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। आमसभा की अध्यक्षता बैंक के प्रशासक सुधीर कैथवास ने की। इस अवसर पर ऑडिट ऑफिसर सुनील सक्सेना, वरिष्ठ सहायक निरीक्षक रंजीत रैकवार, बैंक के पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, पूर्व प्रबंधक उमेश शर्मा सहित अंशधारी सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद शाखा प्रबंधक अजय तिवारी ने बैंक का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। वरिष्ठ कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम दयाल मेहता ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के वित्तीय पत्रक एवं बैंक की प्रगति के आंकड़े सदस्यों के समक्ष रखे। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा लगातार लाभ अर्जित किया जा रहा है और वित्तीय वर्ष में बैंक ने 35.99 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया है। आमसभा में प्रस्तुत प्रस्तावों पर सदस्यों की स्वीकृति एवं सहमति के बाद शुद्ध लाभ के विभाजन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान ऑडिट ऑफिसर सुनील सक्सेना ने अंशधारकों को 8 प्रतिशत लाभांश वितरित किए जाने की घोषणा की। लाभांश की घोषणा से अंशधारकों में खुशी का माहौल रहा। बैठक में पूर्व संचालक सुरेशचंद्र वशिष्ठ ने वर्ष 2027-28 का अनुमानित आय-व्यय बजट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा प्रबंधक सुनील भालेराव ने किया। अंत में प्रभारी महाप्रबंधक राजेश पुरोहित ने आमसभा में उपस्थित सभी अंशधारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुनि संघ के सानिध्य में निकली गंज मंदिर की जलयात्रा

भावना स्वयं की जाती है, प्रभावना दूसरों के साथ की जाती है: मुनिसागर महाराज

गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म के दसलक्षण पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज की परंपरा अनुसार पंचमेरु विधान के समापन के उपलक्ष्य में भव्य जलयात्रा निकाली गई। दो मुनि संघों के पावन सानिध्य में निकली जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा। जलयात्रा गंज मंदिर से प्रारंभ होकर मां राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर चौराहा, गल चौराहा, मानस भवन रोड होते हुए सुभाष चौक से पुराने दशहरा मैदान स्थित गोकुलधाम पहुंची। यहां मुनि संघ के सानिध्य में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मुनिसागर महाराज, मुनि अभेद सागर महाराज एवं मुनि अगर्भ सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीष वचन दिए।

दो मुनि संघों का एक स्थान पर चातुर्मास समाज के लिए प्रेरणादायी

मुनिसागर महाराज ने कहा कि यह समाज के लिए सौभाग्य और प्रेरणा की बात है कि सभी के पुण्य से दो मुनि संघों का एक ही स्थान पर चातुर्मास हो रहा है। यह समाज को एक सूत्र में रहकर धर्म आराधना करने का संदेश देता है। सम्यक दर्शन में प्रभावना का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने कहा कि भावना स्वयं की जाती है, जबकि प्रभावना दूसरों के साथ की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग रहते हैं और सभी अपने-अपने तरीके से धर्म आराधना करते हैं। धर्म का उद्देश्य मन में शांति और आत्मकल्याण की भावना को जागृत करना है। इससे पूर्व किला मंदिर स्थित आचार्य विद्यासागर धर्म सभागार में आशीष वचन देते हुए मुनिसागर महाराज ने सत्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य की आकुलता बढ़ रही है। जिनके परिणाम अनुकूल होते हैं, वे आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। सत्य मेव जयते। सत्य का साथ देने वाला अंततः सुखी रहता है। सत्य कभी पराजित नहीं होता।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को बिना सोचे वचन नहीं देना चाहिए और यदि वचन दे दिया है तो उसे निभाना चाहिए। झूठ बोलकर व्यक्ति कुछ समय के लिए जीत सकता है, लेकिन उसके परिणाम उसे भुगतने पड़ते हैं। देर हो जाए, लेकिन अंधेर नहीं होना चाहिए। जीवन में सत्य धर्म का पालन आवश्यक है।

कोयल की तरह मधुर वाणी बोलें

मुनिसागर महाराज ने कहा कि हमारी वाणी हमारे व्यक्तित्व को दर्शाती है। कोयल की वाणी मधुर होती है, इसलिए उसकी आवाज सुनकर किसी को बुरा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि हमें कौआ बनकर कटु बोलने के बजाय कोयल बनकर मधुर और संयमित भाषा का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोग मधुर वाणी का उपयोग करें, दूसरों को दोष देने के बजाय अपने आचरण पर विचार करें तो समाज में शांति का वातावरण बनेगा। कोयल जैसी भाषा से देश, समाज और मंदिर का वातावरण भी सुखद बन सकता है। धर्म के माध्यम से ही वास्तविक शांति प्राप्त की जा सकती है। गोकुलधाम में आशीष वचन देते हुए मुनि अगर्भ सागर महाराज ने कहा कि पंचमेरु के समापन के उपलक्ष्य में निकाली गई जलयात्रा जैन धर्म की प्रभावना का माध्यम है। धर्म प्रभावना के अनेक साधन हैं। तप, उपवास और त्याग के माध्यम से भी धर्म की प्रभावना की जा सकती है। यह सम्यक दृष्टि की ओर बढ़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पर्व निमित्त होते हैं और भगवान के पांच कल्याणक भी इसी आध्यात्मिक परंपरा से जुड़े हैं। काल कोई भी हो, धर्म के पर्व और उनकी प्रेरणा सदैव प्रासंगिक रहती है। दसलक्षण पर्व व्यक्ति को छोड़ने, त्याग करने और तपस्या करने की प्रेरणा देता है। इन साधनाओं से व्यक्ति का आत्मकल्याण होता है। उन्होंने दसलक्षण धर्म के दस स्वरूप—उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, अकिंचन और ब्रह्मचर्य—का उल्लेख करते हुए धर्म के अनुरूप जीवन जीने का संदेश दिया। गोकुलधाम में धार्मिक कार्यक्रम के बाद जलयात्रा धोबीपुरा होते हुए गंज चौराहा और सुभाष चौक के समीप भाईजी ज्वेलर्स पहुंची। यहां भी मुनिसागर महाराज के आशीष वचन हुए तथा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और पूजा-अर्चना की गई।

सेवा संकल्प अभियानः छात्राओं को वितरित किए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ कार्यक्रम में नगर की प्रथम नागरिक सुनीता मालवीय,वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद ज्योति पंजाबी एवं अभियान के ब्लॉक समन्वयक धीरेंद्र तिवारी उपस्थित रहेकार्यक्रम के दौरान विद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया और छात्राओं द्वारा तैयार किए गए चित्रों एवं अन्य प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य तथा '2047 का भारत—विकसित भारत, स्वच्छ भारत' विषय पर जानकारी दी उन्होंने छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना से अवगत कराते हुए स्वच्छता, सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालाकार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओपी यादव ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस का किया स्वागत



बुधनी। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने के बाद पहली बार नर्मदापुरम पहुंचे बुधनी निवासी जस्टिस संतोष शर्मा का रविवार शाम नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर इष्ट मित्रों एवं परिचितों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान शुभचिंतकों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर न्यायाधीश बनने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जस्टिस संतोष शर्मा मूल रूप से बुधनी के निवासी हैं उनकी प्रारंभिक शिक्षा बुधनी में हुई, जिसके बाद उन्होंने नर्मदापुरम महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की इसके बाद उन्होंने जिला न्यायालय से वकालत की शुरुआत की न्यायिक सेवा में एडीजे के पद से सफर शुरू करने के बाद उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद तक का सफर तय कियास्वागत के दौरान जस्टिस संतोष शर्मा ने बुधनी और नर्मदापुरम में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन एवं वकालत के दिनों को याद किया पुराने मित्रों और परिचितों से मुलाकात के दौरान वे भावुक भी नजर आए उन्होंने कहा कि अपनी माटी, गुरुजनों,परिवार और मित्रों के आशीर्वाद से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलीइस अवसर पर भूपेंद्र सिंह, हरदयाल सिंह आजाद,रामभरोस मीणा,गुरुदयाल शिवपुरी,अखिलेश गंगारे,देवेंद्र राणा, योगेंद्र राय,राकेश दुबे,मनीष तिवारी, प्रेम सिंह राजपूत, राजेश अरोड़ा, संदीप दुबे, बंटी राणा, केडी दुबे, मनोहर यादव, बाबूलाल यादव, बलराम पवार सहित भैरुंदा क्षेत्र के इष्ट मित्र एवं शुभचिंतक मौजूद रहे सभी ने जस्टिस संतोष शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की कामना की।

हर्षोल्लास के साथ मनाई बाबा रामदेव जी की दसवीं, नगर में निकली शोभायात्रा

आष्टा। नगर में बाबा रामदेव जी की दसवीं का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न बाबा रामदेव मंदिरों में सुबह से लेकर अर्धरात्रि तक पूजा-अर्चना, आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर बाबा रामदेव जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।इसी अवसर पर पार्वती नगर एवं अलीपुर क्षेत्र में बाबा रामदेव जी की दसवीं के उपलक्ष्य में बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजबंधु शामिल हुए। आयोजन में पार्षद राजकुमार मालवीय, घनश्याम जांगड़ा सहित क्षेत्र के अनेक लोगों की सहभागिता रही। इसी कड़ी में बुधवारा गंज स्थित बाबा रामदेव मंदिर में सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, उपाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर एवं सकल हिंदू समाज के विशेष सहयोगी महेश राठी ने पहुंचकर बाबा रामदेव जी के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

क्षमा मांगना और क्षमा करना वीरों का कामः गोपल इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व के समापन अवसर पर रविवार को आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला के उपाश्रय में श्वेतांबर जैन समाज की ओर से सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए। उन्होंने चातुर्मास के लिए विराजित पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज एवं मुनि वीरतेन्द्र महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और सकल श्वेतांबर जैन समाज से विगत वर्ष में हुई ज्ञात-अज्ञात भूलों के लिए क्षमा मांगी। सामूहिक क्षमापना समारोह से पूर्व पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज ने आशीष वचन देते हुए णमोकार महामंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान के स्वरूप को जानना और उनके बताए मार्ग को समझना आवश्यक है। मुनि वीरतेन्द्र महाराज ने कहा कि भगवान से दिल से की गई प्रार्थना अवश्य स्वीकार होती है। भगवान, गुरु भगवान और सकल संघ पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का शासन जयवंत है। उपाश्रय आराधना का स्थान है, इसे ममत्व और सांसारिक आसक्ति का केंद्र नहीं बनाना चाहिए। मुनि वीरतेन्द्र महाराज ने उपधान तप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में 51 दिन का उपधान तप चल रहा है। यह भावना प्रकट करने और भगवान की आराधना का अवसर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस अवसर का लाभ लेने तथा गणधर एवं तीर्थंकर भगवान की मनुहार कर तप-आराधना को भक्तिभाव से पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान वर्धमान के जन्म के साथ उनके घर में वृद्धि हुई थी, उसी प्रकार धर्म आराधना और शुभ भावनाओं से श्रद्धालुओं के जीवन में भी वृद्धि और मंगल हो। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं के पदाधिकारी तथा समाजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा के नेतृत्व में श्रीसंघ की ओर से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

रामचरितमानस अखंड पाठ का किया आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के गंज क्षेत्र में स्थित प्राचीन श्रीराधाकृष्ण मंदिर श्रीजगदीश्वर धाम में पिछले 24 घंटे से जारी श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का रविवार को विधिवत समापन हो गया। पाठ के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ शनिवार सुबह 09 बजे किया गया था, जो रविवार को पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन श्रीराधाष्टमीके पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग भक्ति भाव से जुड़ सकें। श्रीअखंड रामायण खेड़ापति मंडल के सदस्यों व नगर के अन्य मानस प्रेमियों ने रामायण पाठ के साथ साथ श्रीराधारानी के मधुर भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों लोगों ने रामायण पाठ का वाचन व श्रवण किया और पुण्य लाभ प्राप्त किया।इससे पहले भी मंदिर परिसर में श्री जगदीश्वर धाम महिला महिला मंडल द्वारा एकादशी कीर्तन, जन्माष्टमी संकीर्तन, झूला उत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था।मंगलवार को होगी लड्डूगोपल की जलवाए पूजाश्रीजगदीश्वर धाम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सवा माह तक मनाया जाता है जिसमें भगवान के विभिन्न संस्कार किए जाते है। मंगलवार जलझूलनी एकादशी को मंदिर जी में लड्डूगोपल का जलवा पूजन दिव्य अलंकारों से सम्पन्न होगा प्रातः सुगंधित द्रव्य से अभिषेक उसके बाद दिव्य भोग अर्पण होंगे संध्या में एकादशी कीर्तन मातृशक्तियों द्वारा किया जायेगा। नगरपुरोहित पं महेंद्र पाठक ने बताया कि लड्डू गोपाल का जलवा पूजन या छठी पूजा जन्मोत्सव के बाद का विशेष अनुष्ठान उनके जन्मोत्सव के उल्लास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उनके प्रकट होने के कुछ दिनों बाद विधि-विधान से संपन्न किया जाता है।इसी दिन भगवान श्रीविष्णु क्षीरसागर मे निंद्रा अवस्था में करवट बदलते है जिससे इस पर्व का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की आराधना विशेष लाभकारी रहती है।

गणेश पांडाल में की गई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



रात्रि में मां अन्नपूर्णा मंदिर मंडी प्रांगण जावर में मां अन्नपूर्णा आदर्श गणेश उत्सव समिति नवयुवक मंडल द्वारा भव्य महाआरती वा भव्य भजन संध्या हुई।

जिसमें पंडित किशन शास्त्री कथा वाचक जावर द्वारा गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी हे छम छम नाचे देखो वीर हनुमान ऐसे सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई भक्तों ने खूब आनंद लिया एवं महाप्रसादी वितरण हुई।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की नवीन दायित्व की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सीहोर की मासिक बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा, जिला सह मंत्री राकेश सिंह ठाकुर एवं जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा की उपस्थिति में सीहोर जिले के जावर प्रखंड में नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमें जावर प्रखंड मंत्री राहुल सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक कपिल खरे, प्रखंड सह मंत्री अभिषेक शर्मा, प्रखंड सह मंत्री शिवप्रसाद प्रजापति की घोषणा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई संगठन के आने वाले कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं सुचारु चल सके ऐसी सभी दायित्वान पदाधिकारी से आग्रह किया गया नवीन दायित्व की घोषणा पर विश्व हिंदू परिषद जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने सभी पदाधिकारी को बधाई दी व संगठन में आपका योगदान संगठन के विस्तार की अपेक्षा आपसे है बधाई देने वालों में जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर ,उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर, प्रखंड से संयोजक भूपेंद्र सिंह ,प्रखंड सुरक्षा प्रमुख विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रखंड सत्संग प्रमुख हते सिंह ठाकुर एवं समस्त प्रखंड के दायित्ववान पदाधिकारी ने सभी नए नियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रतियोगिता व स्वच्छता अभियान आयोजित

विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 21 सितंबर 2026 को चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में रेड क्रॉस इकाई की विशेष एवं सक्रिय भूमिका रही। रेड क्रॉस इकाई के सदस्यों ने आयोजन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को साथ लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता, परिसर को स्वच्छ रखने तथा सेवा भावना के साथ सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश दिया गया। रेड क्रॉस इकाई की सक्रिय भागीदारी से अभियान को व्यापक रूप मिला और विद्यार्थियों में सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहन मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता एवं स्वच्छता का संदेश प्रस्तुत किया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं रेड क्रॉस इकाई ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार सोलंकी, सेवा संकल्प अभियान प्रभारी डॉ. शर्मिला गांगले एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी लखन सिंह अटेरिया उपस्थित रहे। उन्होंने रेड क्रॉस इकाई, स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता, सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस इकाई की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

माध्यमिक शाला कजलास में सेवा संकल्प कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



माध्यमिक शाला कजलास में आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सरपंच बाबूलाल जाटव द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रतिभावान बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। शिक्षक गोपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है बच्चों की प्रतिभा को सम्मान उनके सपनों को नई उड़ान देना हमारा कर्तव्य है कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच बाबूलाल जाटव, शिक्षक गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष चंद्र शर्मा, लखन सोलंकी, सुनीता खत्री, दिनेश कुमार, अकलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।